-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के पुलिस लाइन में पुलिस परिवार की बच्चियों को दी गई सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग। बच्चों को गुड टच, बैड टच के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 27.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज और सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टॉक की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित बैटमिंटन कोर्ट में पुलिस परिवार की बच्चियों के लिए सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षकों सुश्री सुमन सिंह, सुश्री मधु सिंह व श्री अखिलेश राजपूत द्वारा आपात स्थिति में स्वयं के बचाव हेतु विभिन्न उपायों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को बताया गया कि बच्चे माता-पिता की बातों को माने, उनके द्वारा बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा कहा गया कि जब भी आपके पापा या मम्मी बाइक या स्कूटी चलाते हैं तो उन्हे तुरंत हेलमेट पहनने के लिए टोंके। यदि कोई व्यक्ति कोई गलत हरकत करता है या परेशान करता है तो तुरंत बिना डरे अपने मम्मी-पापा को बताएँ। क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा बच्चियों को सरल तरीके से **गुड टच और बैड टच** के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया। बालिकाओं को **बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट (POCSO Act)** और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को **1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर)** एवं **112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)** के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें। सुश्री मेविस टॉक ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था। कार्यक्रम के अन्त में अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा प्रशिक्षकों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र व मूमेंटों देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक श्री बेलास यादव सहित मिशन शक्ति टीम व अभिभावक आदि उपस्थित रहे।